R.N.I.No. 22705 / 72

# सरसवाणी

वर्ष: 53 | अंक : 12 | दिसम्बर 2023 | विक्रम संवत् 2080 | मार्गशीर्ष | लागत मूल्य : ₹ 6

स्थापना १९५७
अविरत समाज सेवा

## माहेश्वरी प्रगति मण्डल, मुम्बई

## वार्षिकोत्सव एवम् पारितोषिक वितरण समारोह

मुख्य अतिथि
**श्री ज्योतिप्रसादजी तापड़िया**
(Chairman, Famy Group of Companies)
सुप्रसिद्ध उद्योगपति एवं समाजसेवी

**शनिवार दि. 6 जनवरी 2024 सायं 6 बजे**

**स्थल : श्री षण्मुखानन्द चन्द्रशेखरेन्द्र सरस्वती सभागार, किंग्ज सर्कल, मुम्बई**

**बेजोड कथानक, अभिनय, निर्देशन और दमदार संवादों की पेशकश**




समाजबन्धु सपरिवार सादर आमंत्रित हैं।

**निवेदक**

रमेश गट्टानी - अध्यक्ष
राजेन्द्रप्रसाद झंवर - संयोजक
(वार्षिक कार्यक्रम समिति)

प्रमोदकुमार देवपुरा - अध्यक्ष
नारायण मालपानी - मंत्री
(माहेश्वरी प्रगति मण्डल)

| क्र. | कार्यक्रम विवरण | आयोजक | दिनांक | पृष्ठ क्र. |
|---|---|---|---|---|
| 01. | गीता जयन्ती उत्सव | दक्षिण मुम्बई महिला समिति | 23 दिसम्बर | 04 |
| 02. | वार्षिकोत्सव नियमावली | माहेश्वरी प्रगति मण्डल | 6 जनवरी 2024 | 6-7 |
| 03. | मकर संक्रान्ति | मध्य मुम्बई क्षेत्रीय महिला समिति | 15 जनवरी | 04 |
| 04. | हल्दी कुंकूम | बोरीवली क्षेत्रीय महिला समिति | 20 जनवरी | 05 |
| 05. | हल्दी कुंकूम | घाटकोपर क्षेत्रीय महिला समिति | 20 जनवरी | 05 |
| 06. | हल्दी कुंकूम | मुलुण्ड क्षेत्रीय महिला समिति | 24 जनवरी | 05 |
| 07. | Marathon 2024 | केन्द्रीय एवम् सभी क्षेत्रीय युवा समितियां | 11 फरवरी | 04 |
| 08. | विशेष परिचय सम्मेलन | विवाह सहयोग समिति | 24 फरवरी | 05 |

## WELCOME जिंदगी - एक अनूठा नाटक




मुम्बई की कारोबारी व्यस्तताएं और उसमें बेहाल दिनचर्या में
खुशहाल जिंदगी जीने वाले परिवार की सजीव कहानी ।
वक्त तेजी से बदल रहा हैं और उसके साथ बदल रहे हैं सोच विचार
नई पीढ़ी तैयार हो गई है और उसके साथ ही
उनके अपने सपने, उनकी अपनी प्राथमिकताएं हैं।
कभी बोलचाल है तो कभी चुपचाप, कभी सुख तो कभी दुःख ।
पीढ़ियों के बीच के सम्वाद, सोच विचार, रहन-सहन,
खान-पान और जीवनशैली पर आधारित बहुत रोमांचक,
मनोरंजन से भरपूर, पारिवारिक परिस्थितियों की
रोचक एवम् भावपूर्ण अभिव्यक्ती...... WELCOME जिंदगी

## वार्षिकोत्सव एवम् पारितोषिक वितरण समारोह
## सभागार में प्रवेश एवम् बैठने की व्यवस्था हेतु विनम्र निवेदन

1) प्रवेश पत्र पर अलग अलग खण्ड/ द्वार अंकित है। **कार्यक्रम समाप्त होने तक अपनी सीट नहीं बदलें।**
2) ग्राउन्ड फ्लोअर में प्रताप खण्ड, भामाशाह खण्ड एवम् कालिदास खण्ड के अलग अलग प्रवेश पत्र हैं एवम् प्रत्येक खण्ड के द्वार निर्धारित है। कृपया अपने निर्धारित द्वार से ही प्रवेश करें एवम् उसी खण्ड में स्थान ग्रहण करें।
3) भामाशाह खण्ड के प्रवेश पत्र धारक को सभागार पर Seat No. लेना है।
4) कालिदास खण्ड के प्रवेश पत्र धारकों को शिक्षा सहयोग समिति के काउन्टर से Seat No. लेना है।
5) सदस्यों को इसी सरसवाणी के अन्तिम पृष्ठ को द्वार पर दिखाने से प्रवेश मिलेगा एवम् उनकी बैठने की व्यवस्था First Come First Serve अनुरूप Balcony में है।
6) समिति संख्या में भामाशाह खण्ड के Contributory Pass मण्डल कार्यालय, गिरगांव भवन में उपलब्ध है। इच्छुक समाजबन्धु 25 दिसम्बर 2023 से 3 जनवरी 2024 तक First Come First Serve के अनुरूप Contributory Pass सीट नम्बर सहित प्राप्त कर सकते हैं।
7) सीमित संख्या में वैले पार्किंग की सुविधा उपलब्ध है।
8) कार्यक्रम के पश्चात् भोजन पैकेट्स की व्यवस्था सभागार पर रहेगी। कृपया अपने क्षेत्र के तीनों समितियों के संयोजकों से सम्पर्क कर भोजन पैकेट्स की Order book करें। पर्याप्त मात्रा में पैकेट्स की Order प्राप्त होने पर ही यह सुविधा सभागार पर रहेगी अन्यथा नहीं रहेगी।

नारायण मालपानी - मंत्री


बीता हुआ कल जीवन को समझने का एक अच्छा मौक़ा है ।

प्रिय स्वजनों,

जय श्रीकृष्ण।

दीपावली का पर्व हम सभी ने हाल ही में बड़े हर्षोल्लास से मनाया। सभी क्षेत्रीय समितियों ने अपने अपने क्षेत्र में दीपावली स्नेहमिलन आयोजित कर सामूहिक रूप से दीपोत्सव मनाया। बोरीवली क्षेत्रीय युवा समिति ने MPL-X4 क्रिकेट टूर्नामेन्ट का भव्य आयोजन कर समाज के सशक्त युवा संगठन का उदाहरण प्रस्तुत किया। अंधेरी क्षेत्रीय समितियों द्वारा भी दीपावली स्नेहमिलन के अवसर पर समाज के कलाकारों द्वारा 'ब्रह्म नाद' सांस्कृतिक कार्यक्रम की मनमोहक प्रस्तुति हुई। गोरेगांव क्षेत्रीय समिति ने समिति की स्थापना के 50 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में दीपावली स्नेहमिलन के साथ स्वर्ण महोत्सव का आयोजन किया तथा गोरेगांव क्षेत्र के समाजबन्धुओं की पारिवारिक जानकारी की पुस्तिका का विमोचन भी किया। इन सभी आयोजनों में कार्यकर्ताओं ने Team work का अच्छा प्रदर्शन किया, इस हेतु सभी को साधुवाद देता हूँ।

साथियों 2023 के अन्तिम कुछ ही दिन शेष है। इस वर्ष हमने क्या किया, क्या पाया व क्या करने का रह गया इसका अवलोकन व आत्मचिन्तन करके नये वर्ष के आगमन का स्वागत नये संकल्प के साथ कर उसे पूर्ण करने के लिये प्रयत्नशील रहना चाहिए।

साथियों, हम अक्सर देखते है कि हम अपने भविष्य की बातों को लेकर अधिक विचार करते है। बच्चे, बच्चों का भविष्य, रुपया, सम्पत्ति-जायदाद आदि को लेकर भी अधिक चिन्तित रहते है व वर्तमान का जो आनन्द लेना है, उससे वंचित रहते है। अपने भावी जीवन को लेकर सोच समझकर Planning करना योग्य है परन्तु इन सब बातों से हमेशा चिन्तित रहना, अपने आप में व्यस्त रहना व परिवार को समय न देते हुए आज का बहुमूल्य समय व्यर्थ करना समजदारी की बात नहीं है। भविष्य के लिये savings अवश्य करें लेकिन आज की खुशियां कुर्बान करते हुए नहीं। यही बात इस खुबसूरत गीत में बताई गई है, जिसे आप अवश्य सुनें।

*आने वाला पल जाने वाला है*
*हो सके तो इसमें जिन्दगी बिता दो, पल ये जो जाने वाला है।*
*एक बार वक्त से लम्हा गिरा कहीं*
*वहां दास्तां मिली लम्हा कहीं नहीं*
*थोडा सा हंसा के, थोडा सा रुला के*
*पल ये भी जाने वाला है। आने वाला पल. . .*

दि. 23 दिसम्बर मार्गशीर्ष माह के शुक्ल पक्ष की एकादशी है इसे मोक्षदा एकादशी कहते है। लगभग 5160 वर्ष पूर्व इसी दिन भगवान श्रीकृष्ण व अर्जुन के बीच कुरुक्षेत्र में हुई बातचीत ने श्रीमद् भगवत् गीता को जन्म दिया जिसमें भगवान ने जीवन के मूल्यों का सार क्या है, अपना कर्तव्य व अपनी जिम्मेदारी के अनुरूप कर्म करना ही हमारा धर्म है,यह बात अर्जुन को समझायी। आज भी गीता में जो कहा है वह सारी बातें अनुकरणीय है। दक्षिण मुम्बई महिला समिति ने गीता जयंती उत्सव का आयोजन गिरगांव भवन में किया है, आप इसका अवश्य लाभ लेवें।

अयोध्या में श्रीरामजी के मंदिर का उद्घाटन एवं रामलल्ला की प्राण प्रतिष्ठा सोमवार, दि. 22 जनवरी 2024 को अपराह्न 12.20 के शुभ मुहुर्त पर करने का निश्चित हुआ है। अपनी संस्कृति में श्रीरामजी का जीवन चरित्र बहुत ही अनमोल है। आपसे निवेदन है कि घरों में दीपमालिका सजाकर यह दिवस दीपोत्सव के रूप में मनाये। श्री रामजी की पूजा अर्चना करें तथा अपने जीवन में प्रभु रामचन्द्रजी के आदर्श चरित्र का पालन करने का संकल्प करें।

बन्धुओं, आगामी 6 जनवरी 2024 को षण्मुखानन्द सभागार में आयोजित वार्षिकोत्सव की सूचना इसी अंक में प्रकाशित की गयी है। आपसे आग्रह है कि इस कार्यक्रम में सपरिवार अवश्य पधारें।

विनम्र

जय महेश।

मुम्बई
दिनांक : 15 दिसम्बर 2023

प्रमोदकुमार देवपुरा (अध्यक्ष)




## Kendriya Yuva Samiti & All Kshetriya Yuva Samitis

Cordially Invite all for

# Maheshwari Mumbai Marathon 2024

**Sunday 11th Feb 2024 • 5.30 a.m.**

Maheshwari Bhavan Andheri (W.)

Scan QR Code for Google Form

**For more details/registration please contact...**

| Kshetra | Sanyojak | Adhyaksh | KYS - Members |
|---|---|---|---|
| Borivali | Neha Chichani<br>98192 95949 | Krishna Rander<br>99209 01422 | Shikha Rander<br>98193 93800 |
| Malad | Deepika Tawari<br>99201 45200 | Rahul Heda<br>99688 55475 | Madhur Kankani<br>98705 87538 |
| Goregaon | Nandkishore Darak<br>77100 41324 | Aditya Kasat<br>88980 27988 | Yogesh Rathi<br>99302 32201 |
| Andheri | Vyom Binani<br>90224 71505 | Gauri Daga<br>93237 13534 | Kavita Taparia<br>98201 03531 |
| Ghatkopar | Vineetkumar Biyani<br>98335 13191 | Parth Navandar<br>98198 73691 | Seema Malani<br>93246 38256 |
| Mulund | Vinay Somani<br>99306 40648 | Rakesh Bhattad<br>93210 30784 | Pratima Rathi<br>87793 41239 |
| South Mum. | Padmini Malpani<br>90040 39085 | Nidhi Somani<br>75062 51009 | Shivam Maheshwari<br>98211 90300 |
| Madhya Mum | Prachi Jaju<br>94227 03488 | Prashant Lahoti<br>99671 18008 | Trisha Rathi<br>84240 14099 |

### Details of Marathon

**5 Km. / 10 Km. Run**
Age Group :
12-18 yrs. 19-30 yrs.
31-45 yrs. 46-55 yrs.
56 yrs. & above

**1 Km. Kids Run :**
7-12 yrs.

**500 mtrs. Kids Run**
Below 7 yrs.

**1 Km. Walkathon**
for 70 yrs. & above

**Madhur Kankani** 98705 87538 · **Shubham Bhattad** 82916 12305 (Project Co-Ordinator)

**Gaurav Chichani** 90222 40892 (Sanyojak)

**Sumeet Darak** 97685 42376 (Adhyaksh)

## दक्षिण मुम्बई क्षेत्रीय महिला समिति

द्वारा आयोजित

**गीता जयन्ती के पावन पर्व पर**

**श्रीमद् भगवत् गीता का पाठ**



शनिवार, दि. 23 दिसम्बर 2023

दोपहर 2.30 बजे

**गिरगांव भवन** में

**श्रीमती सुनिताजी राठी**

द्वारा किया जायेगा।

आप सभी सादर आमंत्रित हैं।

दुर्गा चाण्डक - संयोजिका
99872 11044

## मध्य मुम्बई क्षेत्रीय महिला समिति द्वारा

**मकर संक्रान्ति के उपलक्ष्य में**

सोमवार, दि. 15 जनवरी 2024 प्रात: 11 बजे

**जनसेवा सेवा कार्यक्रम के अन्तर्गत**

KEM अस्पताल के रुग्णों को
भोजन पेकेट्स एवं
तिलगुड के लड्डू वितरण



समाज की बहनें इस हेतु अपना सहयोग देकर इस पुनीत कार्य में सम्मिलित हो सकती है।

निवेदक

सुषमा जाजु - अध्यक्षा 93200 56000

मंजु तोषनीवाल - संयोजिका 93225 98143



जो कभी हार नहीं मानते हैं वह हमेशा सफल होते हैं।

विवाह सहयोग समिति द्वारा आयोजित

# विशेष परिचय सम्मेलन

रविवार दि. 25 फरवरी 2024
प्रात : 10 से सायं 5 बजे तक

**स्थल**
माहेश्वरी भवन – अंधेरी

इस सम्मेलन में दिव्यांग, विधुर, विधवा, तलाकशुदा, अल्पशिक्षित एवं अधिक आयु वर्ग के युवक-युवती भाग ले सकते है।


QR Code Scan करके दि. 10 फरवरी 2024 के पूर्व अपना रजिस्ट्रेशन करें।

निवेदक

शानु काबरा-अध्यक्षा
99676 30337

कल्पना लोहिया -संयोजिका
93230 08960

## मकर संक्रान्ति के पर्व पर हल्दी कुंकूम समारोह एवं मनोरंजक कार्यक्रम



### बोरीवली क्षेत्रीय महिला समिति

शनिवार दि. 20 जनवरी 2024, अपराह्न 3.30 से 5 बजे तक

**स्थल :** बोरीवली प्लॉट

**निवेदिका**

सरोज लड्ढा - अध्यक्षा - 98196 23888
संगीता सारड़ा - संयोजिका - 98207 13770



### घाटकोपर क्षेत्रीय महिला समिति

शनिवार दि. 20 जनवरी 2024, अपराह्न 3 से 5.30 बजे तक

**स्थल :** माहेश्वरी भवन, घाटकोपर

**निवेदिका**

राजेश्वरी मोहता - अध्यक्षा - 99697 29115
मंजु गग्गड़ - संयोजिका - 98334 81415



### मुलुण्ड क्षेत्रीय महिला समिति

बुधवार दि. 24 जनवरी 2024, अपराह्न 3 बजे से

★ कृपया स्थल की जानकारी हेतु सम्पर्क करें। ★

**निवेदिका**

पूनम राठी - अध्यक्षा - 97028 88551
वैशाली नावन्दर - संयोजिका - 99676 48015



## RULES FOR AWARDING MERITORIOUS STUDENTS

### APPLICANT's ELIGIBILITY

- Applicant's Parents should presently be residing in Mumbai. MUMBAI includes City of Greater Mumbai viz. in Western Suburb upto Dahisar and in Mira Road, in Eastern Suburb upto Mulund.
- The children of existing members of Maheshwari Pragati Mandal (Mandal) residing out of mumbai can also apply. Applicant should have passed the examination in first attempt.
- Applicant should have passed the examination in one attempt.
- Students whose results were declared after 15th Dec 2022 and before 15th Dec 2023 are eligible for 2023 prizes and should apply with marking **ELIGIBLE FOR 2023**.

### COURSES/INSTITUTIONS ELIGIBLE

- Courses covered and criteria for gold & silver medals as listed on **Page no.7**.
- Unless otherwise mentioned, courses have to be of 2 years or more duration. Courses offered by Institutions based/located in Mumbai and recognized by Mumbai University (MU), SNDT, Other Deemed Universities (ODU).
- Courses offered by institutions based/located in India, provided admissions are based on centralized system eg JEE, NEET, II,. NDA, CLAT, etc.
- Courses offered by institutions based/located outside India will be considered at par.

### WHEN & WHERE TO APPLY

- Applicant should submit the form on or before 27th Dec. 2023, 6 pm along with the necessary documents & students passport size photo only at Mandal's office (Maheshwari Bhawan, 603 JSS Road, Girgaum, Mumbai - 400002) & obtain the acknowledgement.
- Applications received after the said date, but before 31st Dec. 2023, may be considered only for Certificate of Merit, which can be collected from Girgaum office within next 30 days.
- Application forms are available at Maheshwari Bhawans (Girgaum, Andheri & Ghatkopar) & Borivali Plot.
  Form can be obtained from Website: www.mumbaimaheshwari.com/download.

**Shiksha Sahayog Samiti's decision shall be final on selection/rejection of applications**

**Note :** For X and XII passed by different boards, in order to attempt leveling , marks obtained in best of 5 subjects would be considered for calculation of percentage.

**Gaurishankar Bajaj - Adhyaksh - 93225 13551   Basantkumar Chandak - Sanyojak - 9820029920**

# चिकित्सा सहायता कोष

## (माहेश्वरी प्रगति मण्डल, मुम्बई के अन्तर्गत)

### चिकित्सा हेतु आर्थिक सहायता दी जाती है।

**चिकित्सा हेतु आर्थिक सहयोग देना इस कोष का उद्देश्य है। आवेदन पत्र में निम्नलिखित जानकारी प्रस्तुत करें।**

✦ Medical Report के साथ मरीज के बीमारी की जानकारी। ✦ बीमारी व्यक्ति की संक्षेप में पारिवारिक एवम् आर्थिक जानकारी। ✦ अब तक किये हुए खर्च की विगत एवम् अन्य संस्था द्वारा प्राप्त सहायता की जानकारी। ✦ भविष्य में इलाज के लिए होने वाले खर्च का डॉक्टर द्वारा प्रमाणित Cost Certificate ✦ मरीज की मेडीक्लेम पॉलिसी की जानकारी।

**विशेष नोट :**

1) मुम्बई के बाहर निवास करने वाले समाजबन्धु को अपने स्थानीय माहेश्वरी संगठन के अध्यक्ष/मंत्री द्वारा सिफारिश पत्र लेना अनिवार्य है।
2) आवेदक को अस्पताल के नाम से चेक दिया जाता है अत: अस्पताल में Admit होने से पूर्व या Admit होते ही आवेदन पत्र कार्यालय में पहुँच जाय इस बात का विशेष रूप से ध्यान देना चाहिए।

**आवेदन, पूर्ण विगत के साथ, मंत्री, चिकित्सा सहायता कोष के नाम निम्न पते पर प्रेषित करें।**
**माहेश्वरी भवन, 603, जगन्नाथ शंकरशेठ रोड, गिरगांव, मुम्बई - 400 002.**
**दूरध्वनि : 22005026 / 27 / 28**
Email : info@mpmmumbai.in • Website : www.mumbaimaheshwari.com

| Category | Courses covered | | Gold | Silver |
|---|---|---|---|---|
| A | **10th** or equivalent | | ≥ 95% | ≥ 90% |
| B | **12th** or equivalent | Science | ≥ 92% | ≥ 88% |
| | | Commerce | ≥ 90% | ≥ 83% |
| | | Arts | ≥ 85% | ≥ 75% |
| C | **Diplomas** (after Xth/XIIth) | | ≥ 85% | ≥ 80% |
| D | **Graduation** – BCom, BSc, BCA, BAF, BBM, BMS etc | | ≥ 85% | ≥ 75% |
| | BA, LLB, Home Science | | ≥ 80% | ≥ 70% |
| | Design courses, Mass media, Actuarial Science, Geology etc, | | ≥ 80% | ≥ 70% |
| E | Post Graduate Diploma Courses | | ≥ 80% | ≥ 65% |
| F | **Post Graduate** – MSc, MCom, MA, LLM, Other PGs | | ≥ 80% | ≥ 65% |
| G | **PROFESSIONAL COURSES** | | | |
| | CA (ICAI), ICWAI, ICSI & CFA (Final all groups in one attempt) | | ≥ 58% | ≥ 50% |
| | ICFAI (Level 3 only) | | ALL | |
| H | **ENGINEERING/ARCHITECTURE COURSES** | | | |
| | **GRADUATION - B.Tech., B.E., B.Arch., etc.** | | ≥ 80% | ≥ 65% |
| | **POST GRADUATION -** M.Tech, M. Chem Engg., M.E., MCA, M.Arch.,etc | | | |
| | All campuses - IITs, IISc, BITS Pilani | | ALL | |
| I | **MANAGEMENT COURSES** | | | |
| | MBA / MMS / PGDM | | ≥ 80% | ≥ 65% |
| | Indian School of Business (ISB) – Less than 2 years, | | | |
| | All campuses - IIMs | | ALL | |
| J | **MEDICAL COURSES** | | | |
| | B Pharm, M Pharm | | ≥ 80% | ≥ 65% |
| | MBBS / BDS / BHMS / BAMS /Medical Graduation | | | |
| | PG Diplomas of CPS (College of Physicians and Surgeons of Mumbai)and University | | | |
| | PG Exams like MD / MS / Super Specialisations, DNB | | | |
| K | National Talent Scholarship list Published by NCERT, Maths & Science Olympiad | | ALL | – |
| | PhD - Doctorate | | | |
| | Passed UPSC/MPSC Administrative Exams ie. IAS, IFS, IRS, IPS etc | | | |
| L | Courses completed from foreign institutions/Colleges/Schools | | At par with the courses offered in India | |

**% or equivalent marks**

**For the calculation of CGPA to percentage following rule will be applied :** Either as per the corresponding university/institutes conversion formula from CGPA to percentage or CGPA (after converting out of 10) will be multiplied by 9.5 to get the percentage (and whichever is higher the same will be used for award)

# युवाओं से बात

## दाम्पत्य मजबूत बनाएं, कुछ समझे कुछ भूल जाये

मनुष्य जीवन के तीन अवस्थाएं व तीन महत्वपूर्ण संस्कार होते है, जन्म, विवाह और मृत्यु। प्रथम व अन्तिम यानी जन्म और मृत्यु कैसे कब और किस रूप में होगे कोई नही जानता। ना ही इन दोनों के समय व्यक्ति स्वयंम् से कुछ कर पाता है। लेकिन एक अवस्था ऐसी है जिसे विवाह कहते हैं। यानी सर्वाधिक महत्वपूर्ण संस्कार, ऐसा संस्कार जिसमें व्यक्ति उम्र के हिसाब से पूर्ण विवेकशील, उत्साही व क्रियाशील होता है। जीवन के सभी रिश्तों में यह ऐसा रिश्ता होता है जिसमें दो व्यक्ति शारीरिक, मानसिक, आत्मिक व आध्यात्मिक रूप से एक दूसरे से जुड़ते हैं।

पति / पत्नी बनकर व्यक्ति जीवन भर एक साथ रहने के कसमें वादे करते हैं। सात फेरों पर सात जनम साथ निभाने की बात भी की जाती है, लेकिन वास्तव में इस जनम में ही कुछ बरसों, महिनों और कहीं कहीं तो कुछ दिनों में ही झगड़े, ताने, उलाहनें, एक दूसरे को छोटा बताने व मैं ही सही हूँ, ये बातें सामने आने लग जाती है और दाम्पत्य बिखरने लगता है।

समय का परिवर्तन अब पुरूष व स्त्री के कार्यों का विभाजन पहले की तरह नही करता अर्थात जब पुरूष घर के बाहर व महिला धर के अन्दर के कार्यों में विभाजित रहते थे। अब दोनों एक समान कार्य करते हैं। अतैव मानसिकता भी एक तरह के अधिकार व कर्तव्य से जुड़ गई।

**यदि दाम्पत्य जीवन को सुखमय बनाना हैं तो क्या करें :-**

- ★ विवाह के समय देखे गये सभी सपने साकार हो सकते हैं यदि पति / पत्नी दोनों विवेक व समर्पण भाव से एक दूसरे को समझे, जाने व अधिकार देवें।
- ★ प्रत्येक व्यक्ति में कुछ न कुछ अच्छा होता ही है अतैव जीवन साथी की अच्छाईयों पर ध्यान देवें । इन अच्छाईयों की तारीफ करें । एक दूसरे के सामने की गई छोटी छोटी बातों की तारीफ भी जीवन में उत्साह के रंग भर देती है।
- ★ सिर्फ अपनी इच्छाओं के अनुरूप कार्य नही करें। ना ही सिर्फ अपनी अपनी कहते रहे। दूसरे की बात भी सुने। सुनते समय मोबाईल फोन या टी.वी. या पर से नजरे हटाऐं ताकी दूसरे को इस बात का अहसास हो कि आप उनकी सुन रहे हैं।
- ★ प्रतिदिन कुछ समय रोजाना ऐसा निकाले जो एक दूसरे के साथ बिताया जाएं, फिर चाहे सुबह या सायं साथ में घूमने जाएं या अन्य कोई ऐसा कार्य करें जिसमें एक दूसरे का साथ मिले। खाना खाने का, टी.वी देखने का, न्यूज पेपर पढ़ने का या फिर फोन पर बात करने का समय, एक दूसरे के साथ में बिताया जाने वाला समय नहीं कहलाता हैं।
- ★ जीवन साथी जैसा है वैसा ही स्वीकार करें। अपने जैसा बनाने या बदलने का प्रयास नही करें। प्रत्येक व्यक्ति का अपना अलग व्यक्तित्व होता है जिसमें अच्छा-बुरा सब शामिल होता है। इसलिए जैसा है वैसा स्वीकार करेगें तो जीवन सुखी रहेगा अन्यथा पूरा जीवन एक दूसरे को बदलने के प्रयास व ताने उलाहने देने में ही पूर्ण हो जाएगा।
- ★ पति /पत्नी के रिश्ते में अंतरंग सम्बन्धों को बहुत महत्व होता है अतएव इसमें लापरवाही नहीं करें। उम्र के अग्रिम पड़ाव में इन सम्बन्धों की आवश्यकता ना के बराबर या सीमित हो जाती है। लेकिन बाकी उम्र में इनका अपना स्थान रहता ही है। अतएव एक दूसरे की जरूरतों को समझना चाहिए। जैसे शरीर में कोई भी तकलीफ होने पर हम चिकित्सक के पास जाते है वैसे ही इस तरह की कोई समस्या हो तो निःसंकोच चिकित्सा करवानी चाहिए।
- ★ आजकल अधिकांश युवा दम्पति कामकाज यानी रोजगार से जुड़े हुवे हैं। ऐसे में पूर्व वाली व्यवस्था पुरूष कमाई करें, महिला घर परिवार सम्भाले अब नहीं हो सकती। अतएव जब दोनों ही एक तरह के कार्य करते हैं तब आपसी


हमेशा इतनी ख़ामोशी रखो कि सफलता शोर मचा दे।

समझ बनना व कार्यों का सही विभाजन करना अति आवश्यक है। ऐसे में एक दूसरे पर सर्वोच्चता नहीं दिखाये। एक दूसरे का हाथ बटाऐं। कुछ कार्य पुरूष अच्छे से कर सकते है व कुछ कार्य निश्चित रूप से महिला ज्यादा अच्छा करेगी। अतएव इन कार्यों को छोटा/बड़ा नहीं समझे व जिसमें जिसकी श्रेष्ठता है उसे माने।

★ 99% पुरूष किचन और घर की देखभाल उतनी अच्छी नहीं कर सकते जितनी महिला करती है। युवा बेटियों /बहूँओं को यह बात निश्चित रूप से समझनी चाहिए व अपने कार्यों में इसको महत्वपूर्ण स्थान देना चाहिए। भागते दौड़ते जो आप Online Food मंगा रहे व खा रहे हैं। कुछ बरसों बाद इसके शारीरिक व मानसिक परिणाम जो निश्चित ही खराब होंगे आपके सामने आने ही वाले हैं। अब युवा पुरूषों को भी ये समझना चाहिए रसोई व घर की देख भाल करना कोई छोटा काम नहीं है अतएव अपनी जीवन संगीनी को इस कार्य करने पर पूर्ण सम्मान देवें, ना कि हेय दृष्टी से देखें।

★ ‘‘ स्पेस’’ देवें - आजकल ये वाक्य खूब चलन में है। इसका सीधा सा तात्पर्य है, पति /पत्नी कामकाज व घर परिवार के साथ साथ अपनी रूचियों के अनुसार भी कार्य करना चाहते है। समय के परिवर्तन के साथ इस बात को अवश्य ही समझना चाहिए।

★ दाम्पत्य जीवन को सुखमय बनाने हेतु एक और महत्वपूर्ण बात है, जीवन साथी की गलती को क्षमा करना व गलतियों को भूल जाना है। हर छोटे मोटे झगड़े में पुरानी बातों को याद करना, उन्हें दोहराना या उनको जोड़ते जाना कभी भी जीवन को तनाव मुक्त नहीं कर पाता।

अतएव कुछ बातों को समझे व कुछ को भूल जाए, दाम्पत्य जीवन को मजबूत बनाएं।

। इति शुभम् ।

रमेश मरदा, मुम्बई (सामाजिक व मोटिवेशनल चिन्तक) मो. 98210 98196


विज्ञापन



## अन्धेरी क्षेत्रीय समिति एवं दक्षिण मुम्बई क्षेत्रीय समिति द्वारा संचालित

# MEDICAL CONSULTANCY FACILITIES

### गिरगांव भवन एवं अंधेरी भवन

**Dr. Shraddhaji Maheshwari**
Consultant Neurosurgeon (Brain & Spine Surgeon)
First Thursday of Every Month
4 - 6 pm at **Girgaon Bhavan**
First Monday of Month
5 - 6 pm at **Andheri Bhavan**

**Dr. Akankshaji Rathi Maheshwari**
Consultant Psychiatrist
First Thursday of Every Month
9 - 11 am at **Girgaon Bhavan**
First Wednesday of Every Month
2 - 4 pm at **Andheri Bhavan**

**Dr. Madhaviji Panpalia**, MS
(Gynecologist and Obstetrician)
Fertility Consultant
Wednesday - Every 15 Days
6 - 8 pm at **Girgaon Bhavan**

**Dr. Rohitji Somani**
MBBS, MS, DNB (ORTHO)
Consultant Orthopedic Surgeon
First Thursday of every month
5 - 7 pm at **Girgaon Bhawan**

**For more details & appointment contact (11.30 am to 7.30 pm)**
**Smita/Poonam - 75067 17803 / 022 2200 5026 / 27 / 28**
ओमप्रकाश गान्धी - संयोजक - अन्धेरी क्षेत्रीय समिति - 98200 41494
रामअवतार चाण्डक - संयोजक - दक्षिण मुम्बई क्षेत्रीय समिति - 93234 50502

## दक्षिण मुम्बई क्षेत्रीय समिति द्वारा संचालित

### Homeopathic Center

**Allergy, Skin & Hair Care * Supportive Homeo Treatment for Cancer Rehabilitation**

**Prof. Dr. Rekha Bhutada**
MD, Homeo Consultant
**First & Third Monday & Tuesday of Every Month (5 pm to 7 pm)**
603, Maheshwari Bhavan, Girgaum, Mumbai-2
**For Appointment Contact Smita/Poonam - 75067 17803 / 022 2200 5026 / 27 / 28**

## घाटकोपर क्षेत्रीय समिति द्वारा संचालित

### Homeopathic Center

**Dr. Falguni Sanghvi**
(BHMS, CGO)
**Monday to Saturday**
**10.00 am to 12.00 pm**
C-2, Garodia Shopping Centre,
above Union Bank, Ghatkopar (E),
Mumbai - 400 077

## माहेश्वरी प्रगति मण्डल - बोरीवली प्लॉट

### फीजियोथेरेपी सेन्टर

**डॉ. देविका बहल** MSc (O.T.)
**सोमवार से शनिवार प्रतिदिन प्रातः 8.30 से 10.30 बजे तक**
सायं 4.30 से 6 बजे तक **by appointment only**
**For appointment Pls. call 98212 35760 between 9am to 2pm**

### ऑर्थोपेडिक कन्सल्टन्सी

**डॉ. विविध मकवाना**
**ऑर्थोपेडिक सर्जन**
**समय : हर मंगलवार दोपहर 3 से 4 बजे तक**
**For appointment Pls. call : 85915 28918**

अधिक जानकारी हेतु कृपया सम्पर्क करें।
**गोकुल सारडा** - संयोजक - 93232 74065 (बोरीवली प्लॉट व्यवस्था समिति)

## अन्धेरी क्षेत्रीय समिति द्वारा संचालित

### Physiotherapy Clinic

**Dr. Manju Kothari**
(BPT)
**Monday to Saturday - 10 am to 1 pm**

### Homeopathic Clinic

**Dr. Madhvi Thakkar**
(BHMS, CCH, CGO)
**Tuesday to Saturday - 5 pm to 6.30 pm**

Maheshwari Bhavan, Maheshwari Chowk, Link Rd., Near Oshiwara Police Station, Andheri (W), Mumbai - 400 053
Tel. : 022-2637 4256 / 57 M. : 93722 58324

स्थापना १९५७
अविरत समाज सेवा

# Maheshwari Pragati Mandal Mumbai

## NURA offers Ai Health Screening

Sustained Health with Active-Ai Screening

## at Special discounted rates for Members

NURA IS MODELLED AFTER **THE JAPANESE WAY OF ANNUAL SCREENING**



EXPERIENCE THE **Ai BASED HEALTH SCREENING SERVICES** AT **NURA** IN JUST **120* MINUTES!**

**ACCURATE** Ai technology
**SAFE** Super low radiation
**QUICK** 120* minutes

### NURA Ai Screening Package Cover 25 Plus Health Parameter's

| | Test Plan | M | F |
|---|---|---|---|
| 1 | **Digital Automatic Blood Pressure Check** | ✓ | ✓ |
| 2 | **Digital Automatic Body Measurement** | ✓ | ✓ |
| 3 | **Ai-based Ultra-Low-Dose CT** | ✓ | ✓ |
| ➢ | Lung Cancer | ✓ | ✓ |
| ➢ | Liver Cancer | ✓ | ✓ |
| ➢ | Kidney Cancer | ✓ | ✓ |
| ➢ | Pancreatic Cancer | ✓ | ✓ |
| ➢ | Coronary Heart Disease | ✓ | ✓ |
| ➢ | COPD | ✓ | ✓ |
| ➢ | Visceral Fat Analysis | ✓ | ✓ |
| ➢ | Kidney / Gall Bladder Stone | ✓ | ✓ |
| ➢ | Fatty Liver / Hepatomegaly Analysis | ✓ | ✓ |
| 4 | **Dual Energy X-ray Absorptiometry (DEXA)** | | |
| ➢ | Osteoporosis / Bone Mineral Density | ✓ | ✓ |
| ➢ | Sarcopenia | ✓ | ✓ |
| ➢ | Full Body Composition | ✓ | ✓ |
| 5 | **Ai-based 3D Digital Mammography (with Fit Sweet Paddle)** | | |
| ➢ | Breast Cancer | × | ✓ |
| 6 | **Ai-based Colposcopy** | | |
| ➢ | Cervical Cancer | × | ✓ |
| ➢ | HPV DNA PCR Test | × | ✓ |

| | Test Plan | M | F |
|---|---|---|---|
| 7 | **Japanese-Style Fecal Immunochemical Test (FIT)** | | |
| ➢ | Colon Cancer | ✓ | ✓ |
| 8 | **Ai-based Dual Fluorescence Oral Imaging System** | | |
| ➢ | Oral Cancer | ✓ | ✓ |
| 9 | **High Sensitivity Blood Test - Non Fasting** | | |
| ➢ | Prostate Cancer - Prostate Specific Antigen | ✓ | × |
| ➢ | Diabetes - HbA1c✓✓➢Metabolic Syndrome | ✓ | ✓ |
| ➢ | Heart & Brain Vessel Health (Hyperlipidemia) | ✓ | ✓ |
| ➢ | Lipid Profile (TCHO/TGL/HDL/LDL/Non-HDL) | ✓ | ✓ |
| ➢ | Liver Health-TP, ALB, AST (SGOT), ALT (SGPT), GGT | ✓ | ✓ |
| ➢ | Kidney Health - BUN, Creatinine, eGFR | ✓ | ✓ |
| ➢ | Gout - UA (Uric Acid) | ✓ | ✓ |
| ➢ | Thyroid Profile | ✓ | ✓ |
| ➢ | Anemia & General Well-being - Complete Blood Count (RBC/WBC/PLT) | ✓ | ✓ |
| ➢ | H.pylori.lgG | ✓ | ✓ |
| ➢ | Pancreatic - (CA 19-9) | × | ✓ |
| ➢ | Ovarian Cancer CA 125 | × | ✓ |
| 10 | **ECG** | ✓ | ✓ |
| 11 | **Vision & Eye Retinopathy Test** | ✓ | ✓ |
| 12 | **Audiometry** | ✓ | ✓ |
| 13 | **Dentist Consultation** | ✓ | ✓ |
| 14 | **Doctors Consultation** | ✓ | ✓ |

**Validity 31st March 2024** at NURA centers in India - Mumbai•Bengaluru•Gurugram

## I BELIEVE IN SCREENING FOR GOOD HEALTH

*Conditions Apply

FUJIFILM Dr Kutty's Alliance

EXPLORE NURA
www.nura.in

इस सुविधा का लाभ लेने हेतु मण्डल का निर्धारित पत्र प्राप्त करना होगा। यह पत्र गिरगांव भवन, अंधेरी भवन, बोरीवली प्लॉट, घाटकोपर भवन एवम् मण्डल की Website पर उपलब्ध है। मो. 75067 17803 पर मेसेज भेजकर पत्र की E-copy प्राप्त कर सकते है।

For Booking Appointment
ravikumar@nura.in
62350 00708
254D, Dr Annie Besant Rd, Worli, Mumbai, Maharashtra - 400030

1. गोरेगाव क्षेत्रीय महिला समिति द्वारा दि. 13 अक्टूबर 2023 को महेश नगर शिव मंदिर में महिलाओं से सम्बन्धित बीमारी पर आयुर्वेदिक उपचार एवं श्राद्ध पक्ष का वैज्ञानिक आधार, इस विषय पर डॉ. राजेश्वरीजी बूच का Lecture सुचारू रूप से सम्पन्न हुआ। लगभग 35 बहनों में इस आयोजन का लाभ लिया। संगीता तोतला - संयोजक

2. अंधेरी क्षेत्रीय समितियों द्वारा शनिवार दि. 18 नवम्बर 2023 को दीपावली स्नेह मिलन, एवम् अन्नकूट प्रसाद हर्षोल्लास से सम्पन्न हुआ। मुख्य अतिथि श्री अनिरूद्ध अशोकजी दम्मानी(Managing Part-ner Artha Venture Partners, India's First Micro VC Fund House) के करकमलों से 34 विद्यार्थियों का प्रशस्तिपत्रक एवम् सन्मानचिन्ह प्रदान कर अभिनन्दन किया गया। समाज के 36 कलाकारों द्वारा प्रस्तुत सांस्कृतिक कार्यक्रम 'ब्रह्मनाद' की प्रस्तुति हुई जिसको सभी ने सराहा। उपस्थिति लगभग 350 समाजबन्धुओं की रही। ओमप्रकाश गांधी - संयोजक

3. घाटकोपर क्षेत्रीय समितियों द्वारा शनिवार, दि. 18 नवम्बर 2023 को दीपावली स्नेह मिलन, अन्नकूट एवम् भजन संध्या का आयोजन घाटकोपर मण्डल भवन में सम्पन्न हुआ। उपस्थिति लगभग 170 समाजबन्धुओं की रही।

नवनीत लोया - संयोजक

4. बोरीवली क्षेत्रीय समितियों द्वारा शनिवार, दि. 18 नवम्बर 2023 को दीपावली स्नेहमिलन, अन्नकूट प्रसाद, छप्पन भोग एवम् भजन संध्या का आयोजन बोरीवली प्लाट पर हर्षोल्लास से सम्पन्न हुआ। 'भगवान राम की शक्ति पूजा' नाट्य की प्रस्तुति एवम् गिरिराज गोवर्धन भगवान की सुन्दर छवि का लाभ लगभग 700 समाजबन्धुओं ने लिया।

सुनिल नुवाल - संयोजक

5. दक्षिण मुम्बई क्षेत्रीय समितियों द्वारा शनिवार, दि. 18 नवम्बर 2023 को दीपावली स्नेहमिलन एवम् अन्नकूट प्रसाद का आयोजन माहेश्वरी भवन गिरगांव में हर्षोल्लास से सम्पन्न हुआ। इस्कॉन मंदिर गिरगांव चौपाटी के श्री नित्यानन्द चरणदास प्रभुजी द्वारा किर्तन और भजनों का कार्यक्रम हुआ। उपस्थिति लगभग 150 से समाजबन्धुओं की रही।

रामअवतार चाण्डक - संयोजक

6. मध्य मुम्बई क्षेत्रीय समितियों द्वारा रविवार, दि. 19 नवम्बर 2023 को आयोजित दीपावली स्नेहमिलन का आयोजन पार्टी हॉल-पोडियम, लोटस, एनपार रेसी, लोअर परेल, में हर्षोल्लास से सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम में अन्नकूट झांकी एवम् प्रसाद के साथ सुमधुर भजन प्रस्तुत किये गये। उपस्थिति लगभग 160 समाजबन्धुओं की रही। राजेश लोया - संयोजक

7. मुलुण्ड क्षेत्रीय समितियों द्वारा रविवार, दि. 25 नवम्बर 2023 को श्री श्री रविशंकर हॉल, मुलुण्ड (प.) में दीपावली स्नेहमिलन, भजन संध्या एवम् पारितोषिक वितरण का कार्यक्रम हर्षोल्लास से सम्पन्न हुआ। मण्डल अध्यक्ष श्री प्रमोदकुमारजी देवपुरा के करकमलों से मेधावी विद्यार्थियों का प्रशस्तिपत्र एवम् स्मृतिचिन्ह प्रदान कर सम्मान किया गया। उपस्थिति 210 समाजबन्धुओं की रही। पंकज परवाल - संयोजक

8. मालाड क्षेत्रीय समितियों द्वारा शनिवार, दि. 25 नवम्बर 2023 को दीपावली स्नेह मिलन एवम् अन्नकूट प्रसाद का आयोजन माहेश्वरी भवन में हर्षोल्लास से सम्पन्न हुआ। सुरमयी शाम एवम् म्युजिकल प्रश्नोत्तरी का सभी ने आनन्द लिया। कार्यक्रम के अन्त में रामदरबार की झाँकी का सभी ने आनन्द लिया। उपस्थिति लगभग 325 समाजबन्धुओं की रही।

निखिल चाण्डक - संयोजक

9. गोरेगांव क्षेत्रीय समिति की स्थापना के 50 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में रविवार, दि. 26 नवम्बर 2023 को गोरेगांव क्षेत्रीय समितियों द्वारा स्वर्णिम सफर, दीपावली स्नेह मिलन, अन्नकूट प्रसाद, सुरमयी संध्या का आयोजन ब्रह्मा महेश ग्राऊण्ड, बांगुर नगर, गोरेगांव में हर्षोल्लास से सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर महिलाओं ने विविध प्रकार के Stalls द्वारा अपनी उद्यम शक्ति का प्रदर्शन किया। मुख्य अतिथि श्री गोविन्दनारायणजी कालानी के करकमलों से मेधावी विद्यार्थियों अभिनन्दन एवम् गोरेगांव क्षेत्र की पारिवारिक जनगणना पुस्तिका का विमोचन किया गया। उपस्थिति लगभग 700 समाजबन्धुओं की रही।

विनय बियानी - संयोजक


मन की शांति से बढ़कर संसार में कोई सम्पत्ति नहीं है।

10. बोरीवली क्षेत्रीय युवा समिति द्वारा दि. 1 से 3 दिसम्बर 2023 तक आयोजित Maheshwari Premier League X4, Box Cricket Tournament बोरीवली प्लॉट पर 750 से अधिक समाजबन्धुओं की उपस्थिति में हर्षोल्लास से सम्पन्न हुआ। पुरुषों की 20, महिलाओं की 6 एवं बच्चों की 4 टीम के 350 खिलाडियों ने इस Tournament में भाग लिया। पुरुषों की Shyam Bhai Yoga Yoddhas, महिलाओं की Pitch Burners एवं बच्चों की Ikira Warriors की टीम विजयी रही। व्यवस्थापिका सभा एवं बोरीवली क्षेत्रीय समिति के बीच सम्पन्न मैच में व्यवस्थापिका सभा की टीम विजयी रही। आयोजन की सभी व्यवस्थाओं की समाजबन्धुओं ने बहुत सराहना की। YouTube पर इस आयोजन का Live प्रसारण किया गया जिसका लगभग 3000 समाजबन्धुओं ने आनन्द लिया। नेहा चेचाणी (लोया) - संयोजिका

## शिक्षा सहयोग समिति - विनम्र निवेदन

आप समाज के सभी सम्मानित सदस्यों के सहयोग से माहेश्वरी प्रगति मण्डल, शिक्षा सहयोग समिति के माध्यम से महाराष्ट्र एवं राजस्थान के समाज के होनहार परन्तु आर्थिक रूप से जरूरतमन्द शिक्षार्थियों को तथा विशेष रूप से मुम्बई के जरूरतमन्द शिक्षार्थियों को उच्च शिक्षा हेतु ऋण छात्रवृत्ति (Interest Free Loan Scholarship) प्रदान करता आ रहा है। यह सेवा गत् कई वर्षो से कार्यान्वित है। इस पुनीत कार्य में आपश्री द्वारा अनुदान अपेक्षित है। कृपया आप अनुदान राशि का चेक **Maheshwari Pragati Mandal** के नाम से मण्डल कार्यालय में दिनांक 31 मार्च 2024 के पूर्व प्रेषित करें अथवा मण्डल के निम्नलिखित बैंक खाते में चेक/Online जमा कर Email (accounts@mpmmumbai.in पर सूचित करें जिससे आपको रसीद भेजने में सुविधा होगी। इस हेतु दिया गया अनुदान, आयकर की धारा 80G के अन्तर्गत कर मुक्त है।

| | | | |
|---|---|---|---|
| **Name of Bank** | **: Bank of Baroda** | **Branch** | **: Princess Street** |
| **Account Name** | **: Maheshwari Pragati Mandal** | **Account No.** | **: 04100100003914** |
| **IFSC Code** | **: BARB0PRINCE** (Fifth character is zero) | **MICR Code** | **: 400012055** |

हमेशा की तरह आपका सहयोग अवश्य मिलेगा, ऐसा हमें विश्वास है। मंगलकामनाओं सहित जय महेश।

गौरीशंकर बजाज - अध्यक्ष - 93225 13551 • बसन्तकुमार चाण्डक - संयोजक - 98200 29920

श्रीराम श्रीराम श्रीराम श्रीराम श्रीराम श्रीराम श्रीराम श्रीराम श्रीराम श्रीराम श्रीराम श्रीराम श्रीराम श्रीराम श्रीराम श्रीराम श्रीराम श्रीराम श्रीराम श्रीराम श्रीराम श्रीराम श्रीराम श्रीराम

- गोरेगाव क्षेत्रीय समिति के पूर्व अध्यक्ष तथा संस्कार एवं सत्संग समिति के पूर्व संयोजक श्री श्रीनारायणजी जाजु का वैकुण्ठवास दि. 11 दिसम्बर 2023 को 82 वर्ष की आयु में गोरेगांव में हो गया। आपने विविध समितियों में विभिन्न पदों पर रहते हुए मण्डल के कार्य तत्परता से किये।
- श्री सतीशजी मुन्दड़ा के काकाजी श्री गोपालदासजी मुंदड़ा (मण्डल सदस्य) का वैकुण्ठवास दि. 10 दिसम्बर 2023 को 73 वर्ष की आयु में कांदिवली में हो गया।
- मण्डल के पूर्व न्यासी श्री रामनिवासजी जैथलिया एवं मण्डल के आजीवन सदस्य श्री सीतारामजी जैथलिया के छोटे भ्राता श्री हरनारायणजी जैथलिया का वैकुण्ठवास दि. 5 दिसम्बर 2023 को 67 वर्ष की आयु में जयपुर में हो गया।
- मुलुण्ड क्षेत्रीय महिला समिति की निवृतमान अध्यक्षा श्रीमती ज्योतिजी मुंदड़ा के पिताजी डॉ. कपुरचन्दजी बिर्ला का वैकुण्ठवास दि. 30 नवम्बर 2023 को 81 वर्ष की आयु में एरंडोल (महाराष्ट्र) में हो गया।
- मण्डल के सदस्य श्री हनुमानजी मूंदड़ा की पूजनीय माताजी श्रीमती लक्ष्मीदेवी मोहनलालजी मूंदड़ा का वैकुण्ठवास दि. 23 नवम्बर 2023 को 98 वर्ष की आयु में भायन्दर में हो गया।
- मण्डल के सदस्य श्री श्यामसुन्दरजी लखोटिया के पूजनीय पिताजी श्री रामजीलालजी लखोटिया (आजीवन सदस्य) का वैकुण्ठवास दि. 17 नवम्बर 2023 को 98 वर्ष की आयु में गोरेगांव में हो गया।
- मालाड क्षेत्रीय समिति के सदस्य श्री कपिलजी बाहेती के पूजनीय पिताजी श्री कस्तूरचंदजी बाहेती का वैकुण्ठवास दि. 13 नवम्बर 2023 को 84 वर्ष की आयु में इन्दौर में हो गया। आप अखिल भारतवर्षीय माहेश्वरी महासभा के पूर्व में महामंत्री तथा आदित्य विक्रम बिरला मेमोरियल ट्रस्ट के सचिव रहे।

**दिवंगत आत्मा को चिरशांति हेतु भगवान महेश के चरणों में प्रार्थना।**

\- मंत्री

श्रीराम श्रीराम श्रीराम श्रीराम श्रीराम श्रीराम श्रीराम श्रीराम श्रीराम श्रीराम श्रीराम श्रीराम श्रीराम श्रीराम श्रीराम श्रीराम श्रीराम श्रीराम श्रीराम श्रीराम श्रीराम श्रीराम श्रीराम श्रीराम

विज्ञापन




## राधाकृष्ण लाहोटी कोष में अनुदान हेतु विनम्र निवेदन।

मण्डल के पूर्व उपाध्यक्ष श्री राधाकृष्ण लाहोटी के निधन के पश्चात् वर्ष 1977 में उनकी स्मृति में राधाकृष्ण लाहोटी सहायता कोष की स्थापना की गई जिसका उद्देश्य असहाय बन्धु-बहनों को आर्थिक सहायता प्रदान करना है। अब तक इस कोष के माध्यम से लगभग एक करोड रुपयों से अधिक की आर्थिक सहायता दी गयी है। वर्तमान में 108 लाभार्थियों को सहायता दी जा रही है जिसकी पूर्ति समाजबन्धुओं से निम्नलिखित प्रसंगों पर अनुदान एकत्रित कर की जाती है।

पुत्र/पुत्री के विवाह के उपलक्ष्य में, दादा-दादी एवं नाना-नानी बनने के उपलक्ष्य में, परिवार के सदस्यों की पुण्य स्मृति पर, नूतन गृहप्रवेश के अवसर पर, जन्मदिन, विवाह की वर्षगांठ/रजत-स्वर्ण जयन्ती आदि प्रसंगों पर।

आपसे नम्र निवेदन है कि उपरोक्त मांगलिक प्रसंगों के उपलक्ष्य में अपना समुचित अनुदान देकर इस पुनीत कार्य में सहयोगी बने। अनुदान की राशि पर आयकर की धारा 80G के अन्तर्गत छूट प्राप्त है। कृपया चेक Maheshwari Pragati Mandal के नाम से मण्डल कार्यालय में प्रेषित करें।

| | | |
|---|---|---|
| शानु काबरा (9967630337) | ।। विनम्र ।। | कल्पना लोहिया (9323008960) |
| अध्यक्षा | (विवाह सहयोग समिति) | संयोजिका |

## *Prevention is better than cure*

**इस बात को ध्यान में रखते हुए मण्डल द्वारा रियायती दरों पर निम्नलिखित संस्थाओं के हेल्थ चेकअप पॅकेजेस Radiology (MRI) & Pathology Tests उपलब्ध करवाएं गये हैं।**

**स्वास्थ्य के प्रति सजग रहें एवम् इन सुविधाओं का लाभ लेवें।**

- ✦ लीलावती अस्पताल - बान्द्रा ✦ बॉम्बे अस्पताल - न्यू मरीन लाईन्स
- ✦ मेट्रोपोलिस के Pathology Tests
- ✦ एवं पल्स हाईटेक हेल्थ सर्विसेस प्रा.लि. के Radiology (MRI) Tests

अधिक जानकारी हेतु सम्पर्क करें

**www.mumbaimaheshwari.com 7506717803**



दिल से अच्छा बनाने से बेहतर है कि आप ज़ुबान से अच्छे बने।




सफलता चाहिए तो ख़ुद को वशमें रखें दूसरों को नहीं।

Post Reg.No. MCS / 047 / 2022-24 RNI No. 22705 / 72 Posted at Mumbai Patrika Channel Sorting Office, GPO.Mumbai 400 001.Published on 15th of every month & posting on 16th / 17th of every month.

# सरस्वाणी

# माहेश्वरी प्रगति मण्डल, मुम्बई

## वार्षिकोत्सव एवम् पारितोषिक वितरण समारोह

मुख्य अतिथि

**श्री ज्योतिप्रसादजी तापड़िया**

(Chairman, Famy Group of Companies)

सुप्रसिद्ध उद्योगपति एवं समाजसेवी

शनिवार दि. 6 जनवरी 2024 सायं 6 बजे

स्थल : श्री षण्मुखानन्द चन्द्रशेखरेन्द्र सरस्वती सभागार, किंग्ज सर्कल, मुम्बई

बेजोड कथानक, अभिनय, निर्देशन और दमदार संवादों की पेशकश




*Nice Play....*

**Demonstrating the Generation Gap, Different Views of Thinking, Filled with Emotion and Love, Heart touching Act and Superb Dialogue Delivery.**

समाजबन्धु सपरिवार सादर आमंत्रित हैं।

**निवेदक**

रमेश गट्टानी - अध्यक्ष
राजेन्द्रप्रसाद झंवर - संयोजक
(वार्षिक कार्यक्रम समिति)

प्रमोदकुमार देवपुरा - अध्यक्ष
नारायण मालपानी - मंत्री
(माहेश्वरी प्रगति मण्डल)

Printed, published & edited by Vishnu Madanlal Malpani on behalf of **Maheshwari Pragati Mandal,** printed at Sundaram Art Printing Press, 12, Wadala Udyog Bhawan, Naigaum X road, Wadala,Mumbai – 400 031 & published from Maheshwari Bhawan, 603, J.S.S. Road, Girgaum, Mumbai – 400 002 **टे.: 022 - 2200 5026 / 27 /28**
**website.**www.mumbaimaheshwari.com **Email:**info@mpmmumbai.in **Editor:**Vishnu Madanlal Malpani


**if not delivered please return at : Maheshwari Bhawan, 603, J.S.S. Road, Girgaum, Mumbai – 400 002**